nt>

## Title: Regarding disinvestments of Public Sector Undertakings in the country parituclarly of HPCL and BPCL.

**श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) :** अध्यक्ष महोदय, विनिवेश का अत्यधिक महत्वपूर्ण सवाल है। इस सम्मानित सदन में एक बार नहीं, अनेकों बार विनिवेश के सवाल पर चर्चा हुई है लेकिन इसका कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला। प्रधान मंत्री जी ने एक बार कहा था कि आखिर कब तक सरकारी उपक्रमों के माध्यम से देश के धन को लूटने की इजाजत दी जाएगी।

अध्यक्ष महोदय, एक तो जो घाटे के सरकारी उपक्रम हैं, उन्हें कैसे दुरुस्त किया जाये, इसके लिये कोई व्यवस्थित प्रयास नहीं किया गया है। हम सरकार से इस बात का वायदा चाहते हैं कि जो सरकारी उपक्रम मुनाफे में चल रहे हैं, उन्हें न बेचा जाये। जितने भी सरकारी उपक्रम - बाल्को, सी.एम.सी. - थे, वे मुनाफे में चल रहे थे। जब नालको को बेचने का सवाल आया, जो कि मुनाफे में चल रहा था, तब श्री अरुण शौरी जी ने कहा कि आज मुनाफे में चलने वाला सरकारी उपक्रमो के कल घाटे में जाने की संभावना है। इसका सीधा मतलब यह है कि सरकार अक्षम है और भ्रटाचार तथा कुप्रबंधन पर अंकुश लगाने में असमर्थ है। मैं आपके माध्यम से नि वेदन करना चाहता हं कि बी.पी.सी.एल. और एच.पी.सी.एल. हिन्दुस्तान की दोनों बड़ी कम्पनियां हैं। हिन्दुस्तान की 10 बड़ी कम्पनियों में इन दोनों का स्थान क्रमश: दूसरा एवं तीसरा लाभांश के मामले में है। ये दोनों कम्पनियां मुनाफा कमा रही हैं। सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि बी.पी.सी.एल. और एच.पी.सी.एल. दोनों लाभकारी कम्पनियां हैं। इन दोनों कम्पनियों ने वर्ा 2001-02 में क्रमश: 363 करोड़ रुपया और 467 करोड़ रुपया कमाया। वर्ा 2002-03 के 9 महीने में इन कम्पनियों ने क्रमश: 903 करोड़ रुपये और 802 करोड़ रुपये का लाभांश कमाया। मैं निवेदन करना चाहता हूं...

**अध्यक्ष महोदय** : यह ज़ीरो ऑवर है, मैं दो मिनट से ज्यादा कैसे दे सकता हूं। श्री दासमुंशी।

**श्री रामजीलाल सुमन** : अध्यक्ष महोदय, सरकार की तरफ से यह वायदा होना चाहिये कि कम से कम जो सरकारी उपक्रम लाभकारी हैं, उन्हें बेचने का काम सरकार न करे।

**SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Sir, I am grateful to you for allowing me to make my submission. This is not an issue just to take the time of the House. I would give you a clear manifestation of the House which is opposed to disinvestment. The political parties in this House which took a public position against selling of the profit making public sector units are like this:**

**The Indian National Congress with a strength of 111 Members of this House; CPI (M) with 33 Members; Telugu Desam Party with 29 Members; Samajwadi Party with 27 Members; Shiv Sena with 15 Members; DMK with 12 Members. ...(*Interruptions*)**

**If any Party thinks that Dasmunsi is wrong, let them stand up and say so. DMK Members said that they were opposed to it. The Samata Party, with a strength of 12 Members, including their Ministers, publicly opposed it. The Biju Janata Dal, on the issue of NALCO, unanimously resolved against disinvestment. They have a strength of ten Members in this House. The All India Trinamul Congress, with their strength of eight Members, thoroughly opposed it. The Nationalist Congress Party with eight Members also opposed it. The Janata Dal (United) with a strength of six Members in the House publicly took a position opposing it. The PMK with a strength of five Members publicly issued a statement against disinvestment. The Rashtriya Janata Dal with a strength of four Members publicly took position against it. The MDMK publicly took a position against it. Their strength is four Members, including one who is in jail under POTA. ...(*Interruptions*)**

**The Communist Party of India with a strength of three Members publicly took the same position. The Revolutionary Socialist Party also publicly took a position against it. The Janata Dal (JP) with two Members publicly opposed it. The Muslim League with a strength of two Members publicly took a position. RPI with one Member, Shri Ramdas Athawale, publicly took the same position. Shri Prakash Yashwant Ambedkar also publicly took the same position. The Communist Party of India (ML) with one Member publicly took the same position. The Jharkhand Mukti Morcha with one Member publicly took the same position. The Peasants and Workers Party with one Member publicly took the same position. The Samajwadi Janata Party with one Member, Shri Chandra Shekhar has been publicly taking the position long before we started to raise it. ...(*Interruptions*)**

**I am not talking of others. Please do not take it lightly. Out of 545 Members of this House, I calculated that 322 Members are opposed to it. They publicly took a position. Just because the NDA Government wanted to avoid a voting on the issue, they avoided taking the sense of the House also and requested us not to bring a motion involving voting. I agree.**

**Sir, you see the proceedings of the debate of the discussion under Rule 193. This figure reflects which party took what position on that day. Can the country ignore the wisdom and strength of this House in such a manner? Will the 183 BJP Members who are ruling the country sell its property? Can any party deny what I am saying? Can the Party, whose name I took, get up and say that Dasmunsi is wrong and that they are supporting it? Everybody is opposing itâ€¦...(*Interruptions*)**

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** अध्यक्ष महोदय, यह जो पढ़ रहे हैं, इस पर सदन में प्रस्ताव क्यों नहीं आ रहा हैâ€¦ (व्यवधान) प्रस्ताव से साबित हो जायेगा कि कौन-कौन इसके विरोध में हैं।â€¦ (व्यवधान)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, you please control Shri Swain. Everyday, he is getting up and interrupting.....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Swain, please sit down. He will take care of Shri Mani Shankar Aiyar.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** यह कौन सा तरीका है, आप बाद में बोल सकते हैं, अभी आप बैठिये।â€¦ (व्यवधान)

**कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) :** इन्होंने मेरा नाम लिया है। मैं कहना चाहता हूं कि सदन उस दिन बिना कोरम के चल रहा था। मैंने कोरम न होने का विरोध किया था, मैंने उनका विरोध नहीं किया था। सदन में कोरम नहीं था और मैंने कोरम न होने का प्रश्न उठाया था।â€¦ (व्यवधान)

**श्री खारबेल स्वाइं (बालासोर) :** सर, उस दिन जब मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ था तो मुझे बोलने नहीं दिया गया और आज कहते हैं कि इतने ज्यादा लोग अपोज कर रहे हैं। इन्होंने उस दिन कोरम का प्रश्न क्यों उठाया था और मुझे बोलने नहीं दिया।â€¦ (व्यवधान)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, the country's senior Ministers like the *Raksha Mantri* and the two Ministers of Petroleum and Natural Gas have publicly stated on a number of occasions that, in the interest of national security, these petroleum companies, the strategic sector, should not be sold out. Further, I salute a section of BJP Members who have said in their parlance that the petroleum sector should not be divestedâ€¦....(*Interruptions*)

**श्री कीर्ति झा आज़ाद (दरभंगा) :** अध्यक्ष महोदय, जब नियम 184 के तहत हाउस में डिसइनवैस्टमैन्ट पर डिस्कशन हो रहा था तो सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ये लाये थे और इनका प्रस्ताव गिर गया था। विपक्षी नेता कहते हैं कि सदन में कोरम नहीं था, इससे पता लगता है कि डिसइनवैस्टमैन्ट पर इनके मन में क्या भाव है।â€¦ (व्यवधान) दासमुन्शी जी ने कैबिनेट सैक्रेटरी की एक चिट्ठी यहां पेश की थी, जो बाद में पता लगा कि गलत थी। सी.बी.आई. ने भी मान लिया कि वह चिट्ठी नकली थी और डिसीजन के लिए यहां पड़ी हुई है। आप उस पर डिसीजन क्यों नहीं लेते।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: During the 'Zero Hour', I have permitted him to speak. Let him complete. You can speak afterwards if you get an opportunity. Do not disturb him now. Let me know what he wants to say.

...(*Interruptions*)

**श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी (देवरिया) :** सर, यह अपनी बात कम्पलीट ही नहीं करते हैं। इनकी बात कम्पलीट तो हो।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** जब एक आदमी बैटिंग कर रहा है तो उसे डिस्टर्ब करने का अधिकार श्री कीर्ति झा आजाद को नहीं है। उनकी बैटिंग चलने दो।â€¦ (व्यवधान)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, no allies are protecting themâ€¦...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You have my full protection. Please go ahead.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : After 9th May, the disinvestment of NALCO alongwith HPCL and BPCL is on the pipeline. Since we will not be here after 9th May, we demand that the Government should assure on the floor of the House that they will not dispose of or sell any profit-making public sector company, specially the HPCL and BPCL. Otherwise, we will not co-operate with the Government. Let me make this clearâ€¦...(*Interruptions*)

DR. VIJAY KUMAR MALHOTRA (SOUTH DELHI): Sir, I am raising a question of proprietyâ€¦...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Sir, I would like to seek a clarification from you. Today, fortunately, the hon. Minister for Parliamentary Affairs is here. If there is any response to be made, then she has to do itâ€¦...(*Interruptions*)

DR. VIJAY KUMAR MALHOTRA : I am not making any response. I am only raising the question of propriety. How can you deal with it? You are nobody to deal with it. Hon. Speaker is here to decideâ€¦...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Sir, I am not trying to stop him from speaking. You have been kind enough to ask the hon. Members who have given notice of Adjournment Motion to speak on the subjectâ€¦...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : I am not the Speaker. So also you are not the Speaker. ...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** मल्होत्रा जी, मैंने आपको इजाज़त दी है, आप बोल सकते हैं।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** कीर्ति आज़ाद जी, आप बैठिये। मैंने मल्होत्रा जी को बोलने की इजाज़त दी है।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I am only saying that let Dr. Malhotra complete his speech. Thereafter, I will permit Shri Somnath Chatterjee to speak.

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा :** ये बीच में बार-बार खड़े हो जाते हैं। â€¦ (व्यवधान) मुझे बोलने के लिए कहा है और बोलने नहीं दे रहे हैं। â€¦ (व्यवधान)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : I am not questioning your ruling. Every time they are questioning your ruling.

...(*Interruptions*) If this is the way they want the Opposition's cooperation, then we know what to do. ...(*Interruptions*)

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** फिर वही लोग बोल रहे हैं। हमारा भी नोटिस है कि हम बोलेंगे। ये बिना नोटिस के बीच में क्यों बोलते हैं? â€¦ (व्यवधान) दो-दो बार ये लोग बोल चुके हैं। हम लोगों ने भी नोटिस दिया है। ये बीच में कैसे बिना नोटिस के बोलते हैं? â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Dr. Malhotra is only asking for a clarification.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: He is not on a point of order. Nor is he obstructing the debate.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No point of order is allowed in the 'Zero Hour'.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, the Solicitor General should be summoned to the House. ...(*Interruptions*) He cannot give opinion outside the House. ...(*Interruptions*) It is only the wisdom of the Parliament to decide to sell the property of the nation. ...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** आपको मालूम है और आप जानते हैं कि अजय चक्रवर्ती को यहां बोलने की इजाज़त मैंने दी है। अजय चक्रवर्ती जरूर अपना भााण करेंगे लेकिन एक क्लैरिफिकेशन मल्होत्रा जी मुझसे मांग रहे हैं। मैं जानना चाहता हूँ कि वे क्या पूछ रहे हैं।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह** : अध्यक्ष से कोई क्लैरिफिकेशन नहीं पूछ सकता है। यह नियम-सम्मत बात मैं कह रहा हूँ। आसन से कोई स्पटीकरण नहीं पूछा जा सकता। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप नियम की बात कर रहे हैं तो जब अध्यक्ष खड़े हैं तो आप बैठेंगे, इतना तो नियम का पालन आप करें।

...(व्यवधान)

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा** : अध्यक्ष जी, मैं आपसे जानना चाह रहा हूँ कि इसी सदन में बीएसी की रिपोर्ट आई है जिसमें इस विाय पर समय तय किया गया है। जितनी बहस करना चाहें करें, चाहे पचास बार बहस करें। यह तय हो चुका है कि 8 मई को बहस होगी। इसी विाय पर सदन ने बहस करनी है और आपने स्ट्रक्चर्ड डिबेट तय की है। ऐसे मामलों में स्ट्रक्चर्ड डिबेट होनी चाहिए न कि कोई भी मैम्बर खड़ा हो जाए और उस पर बहस शुरू हो जाए। बहस ठीक से होनी चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** मैं आपसे सहमत हूं लेकिन पूरा हाउस एग्री होगा तभी वह होगा।

...(व्यवधान)

SHRIMATI MARGARET ALVA (CANARA): Sir, give me a chance. â€¦ I request you to summon the Solicitor General to the House. (*Interruptions*) Under the rules, we have a right to hear the Solicitor General....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Members have given me notices.

...(*Interruptions*)

SHRI AJOY CHAKRABORTY : Sir, the Government has taken a decision to sell out two profit-making companies, namely HPCL and BPCL. ...(*Interruptions*) These companies were created by an Act of Parliament. It cannot be sold out without the approval of this Parliament. ...(*Interruptions*)

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर)** : हमारी बात भी सुनी जाए। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** कितने बजे की ट्रेन है आपकी? आप बैठिये, मैं आपको बोलने की इजाज़त दूँगा।

...(*Interruptions*)

SHRI AJOY CHAKRABORTY : By the law of Acquisition of Undertaking Act in India 1974, the company ESSO was taken over and it became the HPCL. ...(*Interruptions*) By the same Act of this House, another company, Burma Shell was taken over and it became the BPCL. The Government of India cannot take these decisions without the approval of Parliament. The Standing Committee on Petroleum submitted a Report which was tabled on the Table of this august House on 23$^{rd}$ December.

In the Report that was tabled in Parliament on 23$^{rd}$ December, the Members of the Standing Committee on Petroleum had unanimously opposed the disinvestment of the HPCL and the BPCL. The HPCL and the BPCL are the pride of our country. They are the profit-making concerns. Even when the auction procedures were on, one of

the public sector units, the ONGC, was not allowed to participate in the auction. The Government of India sought the opinion of the Attorney-General. The Attorney-General opined that the Government could sell out these units without the approval of Parliament. But I say that the former Attorney-General Shri Milan Banerjee had expressed a contrary opinion. He opined that these two companies could not be disinvested and sold out without the approval of Parliament. The point is that these companies were created by an Act of Parliament. It cannot be said that the Government can sell out these units without the approval of Parliament. So, I agree to the opinion of most of the hon Members of this House that these units cannot be sold out without the approval of Parliament. We are of the same opinion. But this Government has decided to sell out the two public sector units. It is against the wisdom of Parliament, against the wisdom of the people of this country. So, I demand that the Government should withdraw the decision immediately.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदय, एच.पी.सी.एल. और बी.पी.सी.एल., दोनों प्रॉफिट मेकिंग कंपनियां हैं। इनको नहीं बेचे जाने के बारे में हमने पहले भी सवाल उठाया था और संसदीय कार्य मंत्री महोदया ने हमें सदन में ही आश्वस्त किया था कि इस सत्र के पिछले भाग और अगले भाग यानी, इस सत्र के बीच, जिन दिनों संसदीय स्थायी समितियों में बजट के डिसकशन हेतु, सदन स्थगित रहता है, उन दिनों में इन दोनों कंपनियों के बेचे जाने के संबंध में कोई प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जाएगी, लेकिन बड़े आश्चर्य के साथ कहना पड़ रहा है कि दोनों सत्रों के बीच में इन कंपनियों के बेचे जाने की प्रक्रिया न सिर्फ चलती रही, बल्कि आगे बढ़ाई गई। श्री मिलन बैनर्जी, एटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया ने पहले कहा कि सरकार इन दोनों कंपनियों को बिना संसद की अनुमति के नहीं बेच सकती, क्योंकि ये दोनों कंपनियां संसद द्वारा पारित विधेयक के अधीन निर्मित की गई हैं, लेकिन वर्तमान एटार्नी जनरल से सरकार मैनीपुलेट कर के अब यह कहलवा रही है कि सरकार इन दोनों कंपनियों को संसद की अनुमति के बिना भी बेच सकती है। â€¦ (व्यवधान)

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य द्वारा यह कहा जाना कि "एटॉर्नी जनरल से मैनीपुलेट कर के" ये शब्द कार्यवाही से निकाले जाने चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** प्रो. मल्होत्रा, आप बैठिए। यह माननीय सदस्य अपनी इन्फर्मेशन के अनुसार कह रहे हैं। यह उनकी अपनी इन्फर्मेशन है।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : My allegation also is this.

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** अध्यक्ष महोदय, एच.पी.सी.एल. और बी.पी.सी.एल. कंपनियों को बेचने का सरकार का ड्यंत्र है। पहले इन कंपनियों को ओ.एन.जी.सी. खरीद रही थी, लेकिन सरकार ने ओ.एन.जी.सी. द्वारा इन कंपनियों को खरीदने पर रोक लगा दी। इस प्रकार से रिलायंस कंपनी, जिसका इस सरकार पर बहुत बड़ा प्र ाभाव है, इन कंपनियों को खरीदना चाहती है और सरकार भी इन दोनों प्रॉफिट मेकिंग कंपनियों को उसे बेचने का ड्यंत्र कर रही है। इस प्रकार से सरकार इन कंपनियों को बेचने के लिए कानून की अवहेलना कर रही है और कानून को ताक पर रखकर, पार्लियामेंट को इगनोर कर के इन कंपनियों को बेचना चाहती है।

महोदय, श्री प्रिय रंजन दासमुंशी ने हिसाब लगाकर बताया है, वह ठीक है। लोक सभा सरकार की इस कार्रवाई को खारिज करती है। सरकार की देश बेचने की इस प्र ाकार की कार्रवाई को हम खारिज करते हैं और इस प्रकार का प्रस्ताव सदन में आना चाहिए कि सरकार के सदन में बहुमत के बावजूद लोक सभा सरकार के इस कदम को खारिज करती है। अमरीका ने जिस प्रकार से इराक के ऊपर कार्रवाई की और अमरीका का ही नहीं बल्कि दुनिया का बहुमत इराक के साथ था, लेकिन अमरीका ने दुनिया के बहुमत को खारिज कर जिस प्रकार से इराक को नेस्तनाबूद कर दिया, उसी प्रकार से यह सदन सरकार के बहुमत के बावजूद, सरकार की देश बेचने की इस कार्रवाई को खारिज करता है क्योंकि सरकार पार्लियामेंट को इगनोर कर के, देश को बेचने का काम कर रही है। हम सब सरकार के इस कदम के बिलकुल खिलाफ हैं।

**SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Mr. Speaker, Sir, after what Shri Priya Ranjan Dasmunsi has said, it seems that only a section of the BJP stands isolated completely. Otherwise, I am sure, even the entire BJP is not speaking with once voice. They are speaking differently outside....(*Interruptions*)** थोड़ा सा सुनने का भी इरादा रखिए। My friends, you are in a very temporary situation. It will not last very long. The people have decided about it. Please wait for it just for a few months.

Sir, why are we repeatedly raising this issue? This is a matter which should not be treated as a mere routine matter. These are the companies which are making huge profits. Everybody is aware of this fact. I do not want to trouble the hon. Members about it but it is nice to remind ourselves from time to time as to its performance. The profit of BPCL is Rs.850 crore. The profit of HPCL is Rs.780 crore.

The excise duty paid to the Government by these two companies are Rs. 10,513 crore and Rs. 11,246 crore respectively which, put together, comes to nearly Rs. 22,000 crore.

Sir, some revealing figures have come out on these two profit-making units. The turnover of these two companies is Rs. 87,850 crore and the excise duty paid is around Rs. 22,000 crore. The turnover of nine leading private sector companies, namely, Reliance, Grasim, Bajaj Auto, Tata Steel, Sterlite, Colgate Palmolive, L & T, Raymond and Glaxo, is Rs. 88,157 crore which is just Rs. 1,000 crore more than the turnover of these two companies. The excise duty paid by these two companies is Rs. 21,759 crore. As against this, only Rs. 6,840 crore is the amount of excise duty paid by these nine so-called leading private companies in this country.

Now, the Government is trying to make over these two companies to the private sector when the matter is being discussed in Parliament. They should not do that, at least, without parliamentary approval. The Act is very clear, at least, to people like us. We are not as learned as the hon. Law Minister or the Attorney-General who, we find, is shifting his position from time to time.

Sir, apart from Shri Milan Banerjee, I have, with me here, the written opinion of a very distinguished group of

lawyers, namely, Justice V.R. Krishna Iyer, retired judge of the Supreme Court, Justice Chinnappa Reddy, retired judge of the Supreme Court, Justice P.B. Sawant, retired judge of the Supreme Court, Justice Rajinder Sachar, retired Chief Justice of Delhi High Court, Shri Shanti Bhushan, one of the most distinguished advocates of this country. They have all said that this cannot be done without parliamentary approval because it is a commitment given in the Act itself. As against this, the Government is surreptitiously going through this process and the Parliament is never told as to what is the stage, why parliamentary approval need not be taken and what is the justification for the sale of this type of profit-making undertakings. The White Paper on Disinvestment that they had brought out did not, at all, mention about disinvestment of profit-making units. Then, why has suddenly a reversal of the policy been done by the Government of India? These are very basic questions. After all, till today, this country is committed to public sector undertakings which are the *Navratnas* of this country. We are proud of their performance. We all know how VSNL has been sold out.

PROF. RASA SINGH RAWAT (AJMER): Mr. Speaker, Sir, a discussion is going to be held on this subject later in the House.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Sir, we also know how IPCL has been got rid of. For whose benefit is this being done? Even now, the country, as a whole, still swears that a considerable portion of our population are still living below the poverty line and people are losing jobs. The Prime Minister's assurance, with all my respect for him, of creating one crore jobs every year has become almost a matter of joke. These matters are not getting primacy, but stealthily and surreptitiously our biggest assets are being sold away and can we, representing the people in Parliament, not question this?

Sir, they talk of competition now. Reliance is being given private outlets and others are given the right to set up private outlets. They will now have competition with HPCL and BPCL.

MR. SPEAKER: Shri Somnath Chatterjee, you can make these points during the debate.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Sir, I know the constraint of time, but we shall be failing in our duty if we do not raise these issues in Parliament. When all the right thinking people are agitated about this, these basic questions have not been answered. These units are not the paternal properties of one party or some group of people on that side that they can treat them in whatever way they like.

Sir, we demand a clear assurance from the Government. Even as the hon. Minister has said that it would not be done, we would like to know what is happening in the intervening period when the parliamentary approval has not yet been obtained. We would like to know what steps are being taken towards this because the opinion of the Attorney-General creates a lot of doubts. We know that he is shifting his opinion and we do not know what will be said and at what time. Therefore, I demand a categorical assurance from the Government on this matter.

श्री चन्द्रशेखर (बलिया, उ.प्र.) : अध्यक्ष जी, प्रियरंजन दासमुंशी जी ने और सोमनाथ चटर्जी जी ने इस मामले में विस्तार से बातें की हैं। प्रियरंजन दासमुंशी जी ने वे नाम भी बताये हैं या संख्या बताई है, जो लोग इस पालिसी का, इस नीति का विरोध कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि बहुमत इसके विरोध में है, लेकिन इस विरोध के बावजूद सरकार चल रही है और रोज फैसले कर रही है। जब कोई बात होती है तो दूसरी तरफ से कहा जाता है, बहस हो जायेगी, बहस कर लीजिएगा। अब स्थिति ऐसी पहुंच गई है कि प्रियरंजन दासमुंशी जी से और सोमनाथ चटर्जी जी से मैं अनुरोध करूंगा कि कुछ लोगों ने ऐसा सोच रखा है कि अखबारों में बयान और देंगे, संसद में बात कुछ और करेंगे। मैं आपसे बड़ी अनुनय-विनय के साथ कहना चाहूंगा कि संसद सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि जो सदन में कहें, वही सदन से बाहर कहें। सदन के बाहर एक बात और सदन के अन्दर दूसरी बात, यह बात सही नहीं होगी। जो लोग सदन के बाहर कुछ कहकर जनता की प्रशंसा लेना चाहते हैं और सदन में सरकार के साथ रहकर सत्ता का सुख भोगना चाहते हैंâ€¦ (व्यवधान) इसमें हंसी की बात नहीं है। ऐसी स्थिति में अगर संसद पहुंच जाये, तो अध्यक्ष महोदय, न आप कुछ कर सकते हैं, न यह बहस कुछ कर सकती है। इसलिए अब समय आ गया है कि जो सचमुच इन नीतियों का विरोध करते हैं, वे फैसला करें कि अगर सरकार इसी तरह से चलती है तो हम लोग इस सदन में न रहें और सरकार जैसा चाहे, वह करे, बहस चलाये। अब समय आ गया है कि आप कह दें कि हम इस संसद की कार्यवाही में सहयोग नहीं कते, जहां न बहुमत का कोई आधार है और न जहां बहुमत में होते हुए भी संसद वह प्रस्ताव पारित कर सकती है, जो देशहित में है।

**श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराद्र) :** अध्यक्ष जी, हिन्दुस्तान पैट्रोलियम और भारत पैट्रोलयम के बारे में मैंने इसके पहले कई बार शिवसेना पार्टी की ओर से मुद्दे रखे हैं। मैंने परसों ही श्रम मंत्रालय की चर्चा के समय यहां जो कहा था तो आज ही मुझे एक फैक्स हिन्दुस्तान पैट्रोलियम और भारत पैट्रोलियम की स्थानीय लोकाधिकार समिति की ओर से मिला है। उन्होंने यह कहा है कि आप हमेशा यह क्वश्चन रेज कर रहे हैं, लेकिन फिर भी उन्हें भय लग रहा है। नौ हजार मराठी एम्पलाइज हिन्दुस्तान पैट्रोलियम, भारत पैट्रोलियम और आर.सी.एफ. में हैं। इसमें हमारे आदरणीय मंत्री श्री राम नाईक जी का भी कड़ा विरोध है। इसका विनिवेश करने में उनका भी कड़ा विरोध है, वे भले ही ओपनली नहीं बोलते होंगे। â€¦ (व्यवधान) जैसा अभी आदरणीय दासमुंशी जी ने 324 की विशोकर संख्या निकाली, वैसे तो ज्यादा हो सकती है। अभी आगे चुनाव आने वाले हैं, मदन लाल खुराना जी अपनी पार्टी में यह बात रखिये कि अभी इसे बन्द रखिये, नहीं तो विपक्ष के नेताओं के हाथ में यह मुद्दा चला जायेगा कि ये लोग कम्पनियां बेच रहे हैं। हम लोग कड़ा विरोध कर रहे हैं कि प्रोफिट मेकिंग कम्पनियां मत बेचो। मेरे सैण्टूर होटल के प्रश्न के सम्बन्ध में अरुण शौरी जी ने उत्तर दिया है, यह पार्लियामेंट की प्रोसीडिंग्स में है कि प्रोफिट मेकिंग कम्पनीज को हम सेल नहीं करेंगे। उसके बाद इसकी प्रोसीडिंग्स चालू कर दीं, जबकि आदरणीय सुामा दीदी ने हमसे यह कहा था कि जब तक इस पर चर्चा नहीं होगी, कोई प्रोसीडिंग्स नहीं होंगी।â€¦ (व्यवधान) एक मिनट रुकिये।

**श्री चन्द्रशेखर** : संसद का कोई सदस्य एक बात यहां कहे, दूसरी बात बाहर कहे, यह शोभा नहीं देता। यह मर्यादा और शिटाचार के खिलाफ है।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please take your seats.

**श्री शिवाजी माने (हिंगोली) :** उनके बारे में भी कुछ कहिये न, इन्होंने ही तो इसकी शुरूआत की है।

**श्री चन्द्रकांत खैरे** : यह चर्चा का विाय नहीं है। मैं अपनी पार्टी का मत बता रहा हूं, आप बीच में क्यों बोल रहे हैं।

**13.00 hrs.**

â€¦ (व्यवधान) यह बहुत गंभीर मुद्दा है। इस गंभीर मुद्दे के बारे में हम रोज चर्चा करते हैं। हम भी सरकार में शामिल हैं। सरकार को यह डिसीजन लेना चाहिए कि इसके बारे में हम कोई निर्णय नहीं लेंगे क्योंकि उन्होंने बोला था कि हम प्रॉफिट मेकिंग कम्पनी का विनिवेश नहीं करेंगे। हम शिव सेना की तरफ से कहना चाहते हैं कि सरकार को उसी शब्द का पालन करना चाहिए। इसी तरह आर.सी.एफ. के बारे में भी आया है। हमारा कहना है कि आर.सी.एफ. का भी डिसइन्वेस्टमैंट नहीं होना चाहिए।

**श्री शिवराज वि.पाटील (लातूर) :** अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत संक्षेप में बोलना चाहूंगा। सरकार में बैठे हुए कुछ मंत्री कह चुके हैं कि डिसइन्वेस्टमैंट नहीं होना चाहिए। श्री प्रिय रंजन दासमुंशी ने गणित के आधार पर बता दिया है कि इस हाउस का सेंस डिसइन्वेस्टमैंट के खिलाफ है। हम मांग कर रहे हैं कि नियम 184 के तहत आप डिसकशन कराकर वोट लीजिए लेकिन गवर्नमैंट कहती है कि इसकी कोई जरूरत नहीं है। सरकार के वकील एक बात कहते हैं और उनके बराबर के दूसरे वकील जो राज्य सभा में बैठे हैं, आपने यहां पर बताया और जैसा चटर्जी साहब ने बताया कि उनके बराबर के वकील, बाहर के वकील यह कह रहे हैं कि कुछ PSUs का डिसइन्वेस्टमैंट करना है तो आपको कानून बदलना पड़ेगा तभी आप वह करेंगे। सरकार की बात एक जैसी नहीं है। जब हाउस खिलाफ है, वकील का कहना खिलाफ है, उसके बाद भी आप प्रॉफिट मेकिंग जो पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग्स हैं, उसको बेचेंगे, ऐसा कुछ लोग आग्रह कर रहे हैं। यह बात सही नहीं है। क्या इसको डेमोक्रेसी कहते हैं ? इसको पार्लियामैंट्री सिस्टम नहीं कह सकते हैं। अगर कुछ करना है, हमने बता दिया है, नोटिस देकर बताया है। अगर सरकार को एक पैसा भी खर्च करना है तो इस हाउस को इजाजत लेनी पड़ती है, बजट पास करवाना पड़ता है। आप हजारों करोडों रुपये की जायदाद बेच रहे हैं। जो जायदाद आपने 80 करोड़ रुपये में दे दी, उसके तीन महीने बाद वह 150 करोड़ रुपये में दूसरों को बेच दी गयी। इसका क्या मतलब है ? हम यहां बैठकर इसके बारे में कुछ नहीं करें और यह हाउस ऐसी बातों के खिलाफ कुछ नहीं कर सकता है, ऐसा अगर हम बाहर के लोगों को

बतायें तो बाहर के लोग बोलेंगे कि हाउस को जो करना है, वह करे और हमको जो करना है, वह हम करेंगे। इससे इस देश का लॉ एंड आर्डर कायम नहीं रहेगा। आपको करना है तो आप करिये। दूसरों ने भी किया है। आपको यदि विरोध करना है तो वह करिये और यदि सपोर्ट करना है तो सपोर्ट कीजिए। जो कुछ करना है, करिये। डिसइन्वेस्टमैंट का काम सदन के सामने लाकर करिये। जब हम पालिसी बनाने की बात करते हैं तब कहते हैं कि पालिसी की जरूरत नहीं है। जब हाउस में आकर वोट लेने के लिए कहते हैं तो उसकी जरूरत नहीं है। वकील कहते हैं कि उसकी जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस दिया है कि कानून बदले बगैर आप इसको डिसइन्वेस्टमैंट कर सकते हैं या नहीं। यह इश्यू सुप्रीम कोर्ट में है। अभी सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस दे दिया है। वह देखना चाहते हैं कि ऐसा कर सकते हैं या नहीं। आप इससे पहले कर देंगे। जब हम हाउस में नहीं बैठेंगे यानी जब इंटर सैशन का पीरियड होता है तब आप डिसइन्वेस्टमैंट करेंगे ताकि आपको कोई पूछे नहीं। जब कोर्ट में आया है तब भी डिसइन्वेस्टमैंट करना है। क्या इसको डेमोक्रेसी कहते हैं ? क्या इसको पार्लियामैंट्री सिस्टम कहते हैं ? इस प्रकार के काम यदि इस देश में चलेंगे तो किसका भला होगा, यह हमको समझ में नहीं आता है। इसलिए सभी यहां पर स्ट्रांगली कह रहे हैं। â€¦ (व्यवधान) उनको बोलना नहीं है नहीं तो वे भी बोलते। वहां बैठे हुए कुछ लोग यही बोलते। वह बोलना नहीं चाहते क्योंकि वे सरकार को अड़चन में नहीं डालना चाहते। मगर बाहर वे बोलते हैं और हम सुनते हैं। यह न्यूज पेपर में आता है। इस हालत में यह डिसइन्वेस्टमैंट नहीं होना चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

PROF. A.K. PREMAJAM (BADAGARA): Sir, I have given a notice on this issue. Please allow me to speak. ...(*Interruptions*)

SHRI SURESH KURUP (KOTTAYAM): Sir, I have also given a notice on this issue. Please allow me to speak. ...(*Interruptions*)

**श्री शिवराज वि.पाटील :** दूसरी बात यह है कि अगर एटार्नी जनरल ने कुछ कहा है तो हम मांग कर रहे हैं कि वे यहां पर आयें और हमें बतायें। हमें भी उनसे प्रश्न पूछने की इजाजत हो। अगर लिखित रूप में चाहिए तो हम दे देंगे मगर उनको यहां आने दीजिए और बोलने दीजिए। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shrimati Sushma Swaraj, do you want to respond?

...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, I have also given a notice on this issue. Please allow me to speak. ...(*Interruptions*)

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** अविश्वास प्रस्ताव का क्या मतलब है ?â€¦ (व्यवधान) इस प्रस्ताव पर अविश्वास प्रस्ताव का इस्तेमाल करना चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please sit down. In the 'Zero Hour', we have taken up this issue. It is a very important issue but at the same time there is a time constraint. If you want to know what the Government has to say on this issue, this is the time. All of you can speak if there is a discussion on this issue. I cannot permit everybody now. Otherwise, you will not get the reply from the Government. I will adjourn the House for Lunch at 1.10 p.m.

पांच मिनट बाकी हैं. सरकार का क्या कहना है, क्या आप जानना नहीं चाहते हैं?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: How can I permit every Member to speak? Please sit down. The Government will respond. बाद में जब चर्चा होगी, तब विस्तार से करेंगे।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please sit down. The hon. Minister will make the views of the Government clear on this issue. Thereafter, if required, there will be a debate under any rule, whatever the House decides, and all of you can

participate.

**श्री राम विलास पासवान :** आपने कहा था कि जिन-जिनका ऐडजर्नमैंट मोशन में नाम है, आप उन सबको ऐलाऊ करेंगे।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: I thought that by one o' clock, it has to be completed. In 'Zero

Hour', you cannot go on continuously discussing and debating on the issue. Let me know what the Government has to say. Otherwise, after five minutes I will adjourn the House.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Only one Member can speak.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: In this way, the Government will not be able to respond. Do not blame me.

...(*Interruptions*)

SHRI SURESH KURUP : My notice is there.

SHRI RAM VILAS PASWAN : This is a very important issue. आप थोड़ा समय और बढ़ा दीजिए।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** सुनील खान जी, प्लीज़ बैठिए और मेरी बात सुनिए।

â€¦ (व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** अध्यक्ष महोदय, जिन-जिनका नोटिस है, उनको तो बुला लीजिए।â€¦ (व्यवधान)

SHRI SURESH KURUP : My notice is there.

MR. SPEAKER: There are a number of other notices.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: There are several notices. I have the names.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Unless this subject is disposed of, no other subject can be taken up.

...(*Interruptions*)

SHRI SONTOSH MOHAN DEV (SILCHAR): There is a cyclone in Dhubri District of Assam. Sir, 30 people have died and 1000 people are missing....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I do not think that the Opposition are serious on the issue of disinvestment. If the Opposition are serious, they must listen to what the Minister wants to say. The Opposition have raised the issue. If the Opposition are serious enough, they should listen to the Minister what the Government has to say on this issue.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Or, as per our procedure, at one o' clock, we normally adjourn for lunch and hence I will adjourn the House for lunch. Again you can take up the issue tomorrow. You can discuss it tomorrow. I have no objection.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: If everybody wants to speak, I have no alternative. I do not think that the Members are in a mood to know the reaction of the Government. The views of the Opposition have been made clear. It is for the Government to make their views clear. I have asked the Government to make their views clear. If all of you want to speak, let there be a discussion. The Government is ready for a discussion and we can take up the discussion on the issue.

SHRI RAM VILAS PASWAN : You allow the Adjournment Motion. Why can you not allow the Adjournment Motion?...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** बसुदेव आचार्य जी, आप क्या कहना चाहते हैं।

â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Let me listen to him.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The House stands adjourned for Lunch till two o' clock.

**13.08 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.*

--------------

**14.01 hrs.**

***The Lok Sabha re-assembled after Lunch at one minute***

***past Fourteen of the Clock.***

**(Mr. Speaker *in the Chair*)**

**अध्यक्ष महोदय :** आप सब अपनी-अपनी जगह पर बैठिए। आपके नेता बोल रहे हैं। मैं आपके नेता को सुनूंगा कि वह क्या बोल रहे हैं।

â€¦ (व्यवधान)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: Sir, in the morning, we said it and again we are now saying this. You disallowed the Adjournment Motion notice but allowed us to make our submission and we are very grateful for that. We made it very clear from our side that there should be a categorical assurance from the Government that in this matter the Government would not take any step for disposing the profit-making public sector units while 300 MPs of this House, cutting across various political parties, have opposed it. That matter is very clear. ...(*Interruptions*)

DR. VIJAY KUMAR MALHOTRA : He has already spoken on this issue. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Ramjilal Suman, please sit down now.

Shri Priya Ranjan Dasmunsi, have you completed?

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I was saying that we would definitely co-operate with the Government in all its business. We have been doing it and we are very keen that all the matters of the Government are taken up very seriously by the Opposition but the issue raised by the Opposition has been treated by the Government in such a manner that the discussion in the House is over but the spirit that emerged out of that discussion is not carried out by the Government. I challenge, if you see the debates on disinvestment under rule 193, you would find that every party excepting the BJP has opposed it but yet the Government does it. It is an insult to the House. We cannot continue in this manner. Therefore, we need a categorical assurance from the Government today. If the hon. Minister says that they would not dispose the profit-making public sector undertakings without consulting the Parliament, we will co-operate.

Thank you. ...(*Interruptions*)

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा :** इन्होंने सदन तो चलने देना नहीं है।â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामजीलाल सुमन :** क्या दिक्कत है? â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** सुमन जी, आपने तो अपना भााण अभी किया है। बार-बार क्या है ?

**श्री राम विलास पासवान :** अध्यक्ष जी, मैं केवल दो-तीन प्वाइंट बताना चाहता हूं।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** मल्होत्रा जी, मैं तो सदन को चलाना चाहता हूं।

â€¦ (व्यवधान)

**डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा** : अध्यक्ष जी, इन्होंने चलने ही नहीं देना है। इनकी नीयत ही नहीं है।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** नहीं, नहीं, चलने देंगे। आप बैठिए। बहुत अच्छे लोग हैं। चलने देंगे।

â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: They are very good people. Please take your seat.

DR. VIJAY KUMAR MALHOTRA : Will they allow the House to run? ...(*Interruptions*) सबके बोलने के बाद हाउस चलेगा? सबके बोलने के बाद भी हाउस नहीं चलने देना है तो बोलने की क्या आवश्यकता है ?â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** सदन चलाने के मूड में ये लोग हैं। आप उनका मूड क्यों खराब करते हैं? उनका अच्छा मूड है। खराब मत कीजिए।

â€¦ (व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** मैं समझ रहा हूं कि अभी जो चर्चा चल रही है, इससे बढ़िया सदन नहीं चल सकता। यह सबसे बढ़िया सदन चल रहा है। यदि आपको लगता है कि देश बेचने से ही आपका सदन चलता हो तो बेचते रहिए। मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि भारत पैट्रोलियम और हिन्दुस्तान पैट्रोलियम का राट्रीयकरण 1976 में हुआ था और 1976 में तब किया गया था जब दो प्राइवेट कंपनीज एक बरमाशैल और ऐस्सो ने 1971 के युद्ध में जब तेल देना नकार दिया था कि हम तेल नहीं देंगे तो उस समय की प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने एक प्रस्ताव रखा था कि इनका राट्रीयकरण किया जाना चाहिए।

इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि यह नेशनल सिक्योरिटी से जुड़ा मामला है। यदि कल इसका निजीकरण करते हैं और युद्ध के समय वही हालात पैदा होते है, तो उनके दाम बढ़ेंगे। जब उनका प्राइवेटाइजेशन होगा तो कैरोसिन तेल, पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ेंगे। इनके बढ़ने से दूसरी सभी चीजों के दाम बढ़ेंगे। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः आप सरकार से क्या चाहते हैं, इतना ही कहिए।**

**श्री राम विलास पासवान :** हम जब पहले इस पर चर्चा कर रहे थे तो प्रधान मंत्री जी यहां बैठे थे। हम लोग जिस सैक्शन से आते हैं उनमें दलित वर्ग, शेडयूल्ड कास्ट्स और शेडयूल्ड ट्राइब्स के लोग आते हैं। अध्यक्ष महोदय, आप भी उनके चैम्पियन रहे हैं। इसलिए आग्रह करना चाहता हूं कि ऐसे समय में उनके रिजर्वेशन का क्या होने वाला है? बार-बार मांग की जा रही है कि प्राइवेट सैक्टर में रिजर्वेशन लागू किया जाए।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः** इस विाय में जब चर्चा होगी तब यह मुद्दा उठाइए। आप अभी यह मुद्दा कैसे उठा सकते हैं?

**श्री राम विलास पासवान :** मैं खत्म कर रहा हूं। कारगिल में जो लोग मारे गए उनके परिवार वालों को आपने स्पैशल पैट्रोल पंप दिए। क्या प्राइवेट वाले उनको ि वशो परिस्थिति में पैट्रोल पंप देंगे। स्टैडिंग कमेटी की रिपोर्ट इसके खिलाफ है। उसने लिखा है :

> "The Committee had, therefore, recommended that those companies who are engaged in raising infrastructure, there was no need to disinvest in these oil companies. "

मैं आखिर में कहना चाहता हूं कि â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः** मैंने आपको बोलने की इजाजत नहीं दी है। बैठिए।

â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः मैं आपकी बात को रिकॉर्ड में लाने की इजाजत कैसे दे सकता हूं?

â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः जीरो आवर बहुत पहले खत्म हो गया।

â€¦ (व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** अध्यक्ष महोदय, हल्ला करते-करते हमारा गला थक गया। â€¦ (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मेरा आग्रह है कि इस मामले को संसद द्वारा ही डिसाइड होने दीजिए। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः** आपके नेता ने इस विाय में चर्चा रखी है।

SHRI RUPCHAND PAL : Sir, I have given a notice for Adjournment Motion. ...(*Interruptions*)

â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Let me know what she has to say.

...(*Interruptions*)

SHRI RUPCHAND PAL : Sir, I want half a minute. They had given an assurance on the floor of the House that nothing would be done against the interest of the nation. This House has a right to debate and discuss and only after that a decision will be taken. But, now, it has come out that immediately ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Let me know what the hon. Minister has to say. Please sit down.

SHRI RUPCHAND PAL : How can it be? How can we remain silence spectators to all these things? What is more

serious than the nation's valuable assets have been sold by the minority Members of this House? The majority Members of this House are of the opinion that it should not be done. What do we want? We want an assurance from the hon. Prime Minister of this country that BPCL, HPCL, NALCO, etc., which are profit making public sector undertakings, should not be disinvested. They are the prestigious *Navratnas* of the country. They should not be sold out in this manner like they are doling out.

MR. SPEAKER: Please let us know what the Government has to say.

...(*Interruptions*)

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (CHANDIGARH): A large number of Members of this House are against it. ...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदयः** मंत्री जी के उत्तर से आपकी समस्या का समाधान नहीं होगा तब आप अपनी बात कहना।

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्रीमती सुामा स्वराज) :** अध्यक्ष महोदय, एचपीसीएल और बीपीसीएल के विनिवेश के संबंध में विपक्ष के साथी चर्चा करना चाहते हैं। अध्यक्ष महोदय, आप स्वयं साक्षी हैं। सरकार ने हमेशा इस चर्चा के लिए अपनी सहमति दी है। इसी सत्र में राज्य सभा में इस पर चर्चा हुई। लोक सभा में जब चर्चा का विाय आया तो तय किया गया कि सत्र के उत्तरार्द्ध में हम चर्चा करेंगे। उस समय कामरेड रूपचन्द पाल ने सवाल उठाया कि सत्र के उत्तरार्द्ध में चर्चा तब मायने रखेगी, जब सरकार यह आश्वस्त करे कि अवकाश के समय इन पीएसयूज का चरित्र बदला नहीं जाएगा। मैंने स्वयं सरकार की तरफ से सदन में खड़े होकर यह आश्वासन दिया। अवकाश के बाद जब हम बैठे तो पहली बीएसी में यह तय हुआ कि हम इस पर चर्चा करेंगे। जैसा ि वजय गोयल जी ने कहा था कि तारीख भी तय हुई। आज सुबह इस सदन ने कार्य मंत्रणा समिति के उस प्रतिवेदन को स्वीकार किया जिस में इस सप्ताह की पूरी कार्रवाई क्या होगी, इसका उल्लेख था। उसे सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकार भी किया। मुझे समझ नहीं आ रहा है और आश्चर्य हुआ जब मुंशी जी ने इस सवाल को यहां उठाया। उन्होंने जो वहां कहा था, उसे सरकार ने स्वयं स्वीकार किया। मैं फिर कह रही हूं कि सरकार को किसी तरह की कोई आपत्ति चर्चा करवाने में नहीं है। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः** सरकार का इस बारे में उत्तर आने दिया जाए। सुमन जी और रूपचन्द पाल जी बैठिए।

â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः** मंत्री जी का उत्तर आने दिया जाए। उन्हें उत्तर देने का अधिकार है और आपको प्रश्न पूछने का अधिकार है।

श्रीमती सुामा स्वराज : अध्यक्ष जी, चर्चा का निर्का निकलने के बाद ही आश्वासन देने का समय होता है। इसलिये मैं कह रही हूं कि चर्चा कब करें और चर्चा करने के बाद जो निर्का निकलेगा, तब उसका जवाब देंगे। हाउस की जो सैंस होगी, उसके आधार पर सरकार रैस्पौंड करेगीâ€¦ (व्यवधान) हमने हर चीज में किया, अगर नहीं किया होता तो सदन में चर्चाओं के कोई मायने नहीं होते। ...(*Interruptions*)

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL : Sir, there is no respect for the democratic values and principles. ...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Sir, may I speak for a minute? ...(*Interruptions*)

**श्रीमती सुामा स्वराज :** अध्यक्ष जी, इस पर चर्चा हो जाये। उसका जो निर्का निकले, सदन की भावना सरकार के सामने आये, प्रतिक्रिया व्यक्त करते समय निश्चित तौर पर सरकार अपनी प्रतिक्रिया देगी। इसलिये मेरा विनम्रतापूर्वक आपसे निवेदन है कि र्वाों के बाद खेल एवं युवा कार्यों की डिमांड्स पर चर्चा करने के लिये सदन बैठा है। उस पर चर्चा हो जाये। मैं दासमुंशी जी से भी विनम्रतापूर्वक आग्रह करूंगी कि अगली बी.ए.सी. की बैठक का समय तय कर दें। अगर उन्हें लगता है कि 8 तारीख से पहले करना है तो समय आगे बढ़ायें। मैं समय बढ़ाने के लिये तैयार हूं। आप जिस रूप में चर्चा करना चाहते हों, चर्चा का नोटिस दे दें। अगली बी.ए.सी. में तय कर दें और आपको लगता है कि 8 तारीख के पहले सप्ताह में करना है तो पहले सप्ताह में करने के लिये भी तैयार हूं।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, the hon. Minister of Parliamentary Affairs is very right. I congratulate her wisdom and her intelligence to put forward the views of the Government. She is very right that we discussed this in the BAC and fixed a date. The hon. Minister gave an assurance that nothing will be done till it is discussed in the second part of the Session. ...(*Interruptions*)

But, with authority, I am telling you that a process of disinvestment has started without informing the Parliament. ...(*Interruptions*) Can you deny the fact that the process has started? Can you deny it officially? I will then sit down. ...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Sir, may I speak? ...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, the process has started. Let her deny it. ...(*Interruptions*)

SHRI VILAS MUTTEMWAR (NAGPUR): Sir, let the hon. Minister deny the fact. ...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : It is an insult to the House. The process has started. ...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** बी.ए.सी.जल्दी करने के लिये तैयार हैं।

**श्रीमती सुामा स्वराज** : अध्यक्ष जी, वे नोटिस दे दें और बी.ए.सी. तय करे तो निश्चित तौर पर सरकार निर्का पर अपनी प्रतिक्रिया देगी।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER : You can say all this in the discussion.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, we cannot cooperate with this Government. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : If you want, you can bring a privilege motion against the Government, if the Government has started something like that.

...(*Interruptions*)

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL : Sir, it cannot be done without their knowing. The Government is hiding it. ...(*Interruptions*)

______________-